आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 04.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- मिडिल स्ट्रेट से कुछ किलोमीटर दूरी पर क्षतिग्रस्त पुल को आवाजाही के लिए प्रतिबंधों के साथ पुनः खोल दिया गया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कई राज्यों की जेल नियमावली में जाति आधारित भेदभावपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया है।
- स्वराज द्वीप के राधा नगर में समुद्र के भीतर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस बनाने का प्रयास किया जाएगा।
- श्री विजयपुरम की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में बिम्बलीटान के एक व्यक्ति को तीन वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए अंतर स्कूल वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

मिडिल स्ट्रेट से कुछ किलोमीटर दूरी पर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और अब इसे आवाजाही के लिए प्रतिबंधों के साथ पुनः खोल दिया गया है। इस पुल से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों को सोलह मिट्रिक टन माल ही ले जाने की अनुमति होगी और इस दौरान वाहनों की गति दस किलोमीटर प्रतिघंटा होनी चाहिए। एक समय में एक ही वाहन को पुल पार करने की अनुमति होगी।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कई राज्यों की जेल नियमावली में जाति आधारित भेदभावपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया है। इसमें कैदियों की जाति के आधार पर काम का आवंटन किया जाता है। शीर्ष न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन महीने के अंदर जेल नियमावली को संशोधित करने और जेलों में जाति–आधारित प्रावधानों को हटाने का निर्देश दिया है। न्यायालय की पीठ ने कहा कि जाति के आधार पर कैदियों के बीच काम का वितरण भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है। न्यायालय ने कहा कि कैदियों के साथ बिना सम्मान के व्यवहार करना औपनिवेशिक विरासत का हिस्सा है। इसे समाप्त कर जेल अधिकारियों को कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना चाहिए।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप के राधा नगर में समुद्र के भीतर कई सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस बनाने का प्रयास किया जाएगा। इनमें समुद्र के भीतर सबसे बड़े झंडे को फहराना, सबसे बड़ी मानव श्रृंखला का निर्माण करना और समुद्र के भीतर लम्बी ह्यूमन स्टैक बनाना शामिल है। अगले महीने के मध्य में यह प्रयास किया जाएगा। लम्बी मानव श्रृंखला बनाने के प्रयासों के रिकॉर्ड के लिए प्रतिभागियों के वास्ते चयन पात्रता भी निर्धारित की गई है। यह स्पर्धा राधा नगर तट में ग्यारह से सत्रह नवम्बर के बीच हो सकता है। इस अवसर के लिए सिर्फ भारतीय नागरिक ही पात्र होंगे। इसके अलावा इस वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयासों में जिन लोगों को शामिल किया जाएगा, उनके लिए नियम और शर्तों के साथ प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया गया है। विवरण और पंजीकरण फार्म अंडमान पर्यटन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसे तीस अक्तूबर की शाम पांच बजे तक स्वीकार किया जाएगा।

<><><><><><><>

शारदीय नवरात्रि का पर्व कल से आरंभ हो गया। आज नवरात्रि का दूसरा दिन है और आज देवी की ब्रह्मचारिणी रूप की आराधना की जा रही है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में बिम्बलीटान के एक व्यक्ति को तीन वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने अपनी बारह वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकतें की थी, जब पीड़ित लड़की की मां काम के लिए बाहर गई थी और भाई बाहर खेल रहा था। यह मामला पन्द्रह जून दो हजार बाईस को पहाड़गांव थाने में दर्ज की गई थी। मामले की पूरी सुनवाई करने के बाद विशेष न्यायाधीश नियाज़ आलम ने सजा सुनाते हुए अभियुक्त पर दस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर आरोपी को और तीन महीने की सजा भुगतनी पड़ेगी। इस पूरे मामले की पैरवी पहाड़गांव थाने की जांच अधिकारी सीमा भौमिक ने किया, जबकि कोर्ट से मामले की पैरवी पॉक्सो के विशेष सरकारी अधिवक्ता ए एस ज़ीनू ने किया।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में प्रशासन के राजभाषा विभाग की ओर से कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आज दिन में दस बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में इसका समापन समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए अंतर स्कूल वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कल भातुबस्ती स्कूल मैदान में लड़कों और जी डी एम एस स्कूल मैदान में लड़कियों का मैच हुआ।

उधर, अंडमान निकोबार राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से दिसम्बर महीने में गुजरात में आयोजित होने वाले छियासीवें सीनियर, कैडेट और सब–जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन ट्रायल छब्बीस और सत्ताईस अक्तूबर को होगा। इच्छुक खिलाड़ी और टीम नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक एसोसिएशन में चौबीस अक्तूबर तक अपने नाम दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

हिमाचल प्रदेश के नगरोटा में छः अक्तूबर से शुरू हो रहे राष्ट्रीय भारतोलन चैम्पियनशिप में अंडमान निकोबार की टीम भी भाग लेगी। बाईस वर्षों के बाद द्वीपों की टीम इस चैम्पियनशिप में भाग लेगी और इसके लिए द्वीपों से चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चुने गए ये सभी खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण, कार निकोबार के आवासीय छात्र हैं और वर्तमान में वे साई कोच चितम्बरम राजन की निगरानी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खेल और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली एक गैर सरकारी संगठन की ओर से साई कार निकोबार के खिलाड़ियों को वित्तीय सहयोग भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के युवाओं को उद्योग से संबंधित कार्यों में उनके कौशल विकास के लिए डीब्रेट की ओर से अल्पावधि कौशल विकास पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई है। नाबार्ड के सहयोग से आयोजित पाठ्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नाबार्ड की महाप्रबंधक अर्चना सिंह ने कौशल विकास प्रयासों, विशेषकर सामुद्रिक क्षेत्र में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने डीब्रेट से नाबार्ड के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कौशल प्रशिक्षण के लिए समझौता करने का भी अनुरोध किया। मुम्बई के एक कम्पनी के निदेशक रवि भाटिया ने कहा कि कई संस्थान युवाओं के भविष्य के लिए काम कर रही है। डीब्रेट के प्राचार्य डॉ. उत्पल शर्मा ने सभी से अनुशासित होकर निष्ठा के साथ काम करने को कहा। इलेक्ट्रिकल विभाग के विभागाध्यक्ष शंकर राव ने पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलुम छः अक्तूबर को कार निकोबार होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा। जलयान शाम चार बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और माल उतारने के तुरंत बाद इसकी वापसी होगी। माल की बुकिंग आज सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे के बीच की जाएगी। जहाज पर माल चढ़ाने का कार्य कल किया जाएगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

गांधी जयंती मनाए जाने के सिलसिले में गांधी पार्क में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी, सांसद बिष्णु पद रे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने मुख्य सचिव द्वारा वर्चुअली रूप से निकोबार जिले को गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आई एस ओ प्रमाणपत्र प्रदान करने के समाचार को प्रमुखता दी है। श्री विजयपुरम में आतंकवाद विरोधी बनावटी अभ्यास किए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। टी–ट्वेंटी महिला विश्व कप क्रिकेट के आगाज़ होने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने खेल पृष्ठ में जगह दी है। सैकत बिश्वास को एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्वी क्षेत्र के सह–अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने के समाचार को अंडमान क्रोनिकल ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

<><><><><><><>